झारखण्ड सरकार

# कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।

टी०ए० डिविजन बिल्डिंग, एच०ई०सी०, धुर्वा, राँची–4

**-:WALK IN INTERVIEW:-**

*नियुक्ति विज्ञापन संख्या–02 / जेल / 2025*

**राज्य के काराओं में कक्षपाल / महिला कक्षपाल के रिक्त पदों पर भूतपूर्व सैनिकों (Ex Serviceman) को संविदा पर नियुक्ति हेतु संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र निम्न प्रकार निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पूर्वाह्न 08:00 से संध्या 04:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निम्नांकित किसी एक ही कारा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सभी वांछित कागजातों / अभिलेखों के साथ काराधीक्षक के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। यदि एक कारा कार्यालय में नियुक्ति हेतु अयोग्य पाये जाते हैं तो दूसरे कारा कार्यालय में अन्य दिवस को संविदा पर नियुक्ति हेतु उनकी उपस्थिति मान्य नहीं होगी।**

| क्र० | कारा का नाम | रिक्त | | नियुक्ति का स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | |
| 1. | मंडल कारा, लातेहार | 1 | 1 | मंडल कारा, गढ़वा<br>दिनांक–08.11.2025 |
| 2. | उपकारा, नगर उँटारी | 26 | 1 | |
| | **कुल योग–** | **27** | **02** | |

1) भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु कुल रिक्त पदों की सं०–29 **(उन्नतीस)** है।

2) यह पद राज्य स्तरीय है।

3) ये नियुक्तियाँ एक प्रकरण में एक (01) वर्ष के लिये होंगी एवं आवश्यकतानुसार अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जायेगा एवं नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

4) अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को एकमुश्त मानदेय ₹20,000 / – (बीस हजार) मात्र प्रति माह की दर से भुगतान किया जायेगा एवं प्रत्येक वर्ष की सेवा अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में 8% (आठ प्रतिशत) की बढ़ोतरी की जायेगी। इसके अलावे कोई राशि देय नहीं होगी।

5) भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति हेतु अनुबंध में निम्नलिखित शर्ते होंगी :–

(i) सेवानिवृत्त सैनिकों को अनुबंध पर पुनर्नियुक्ति एक मुश्त मानदेय के आधार पर किया जायेगा।

(ii) अनुबंध पर रखे गये इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 (बीस) दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा।

(iii) इन्हे यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार देय होगा।

(iv) कर्त्तव्यपालन के क्रम में मृत्यु की परिस्थिति में राज्य के पुलिस कर्मियों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह उन्हे भी देय होगा। परन्तु आश्रित को सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नही होगा।

(v) इन्हे पूर्ण अनुशासन एवं निष्ठा कायम रखना होगा। अनुशासनहीनता, कर्त्तव्यहीनता एवं कदाचार चारित्रिक दोष की स्थिति मे बिना किसी सूचना के अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

(vi) इन्हे चिकित्सा जाँच मे पूरी तरह योग्य पाये जाने पर ही अनुबंध पर लिया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक भूतपूर्व सैनिको को व्यक्तिगत रूप से अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।

(vii) ये नियुक्तियाँ अनुबंध पर है तथा नियमित नियुक्ति नही है, साथ ही सैन्य सेवा में आरक्षण का प्रावधान नही रहने से आरक्षित कर्मियो की संख्या में कमी रहने की संभावना है। अतएव इस स्थिति में इन पदो के नियुक्ति मे प्रभावी आदर्श आरक्षण रोस्टर को इस शर्त्त के साथ शिथिल किया गया है कि संविदा नियुक्ति मे झारखण्ड वासियो को प्राथमिकता दी जायेगी।

6) अनुबंध पर नियुक्ति हेतु आवेदक का उम्र दिनांक–01.06.2025 को 55 वर्ष से अधिक नही होगी। नियुक्ति मे कम उम्र वाले भूतपूर्व सैनिको को प्राथमिकता दी जाएगी।

7) इन भूतपूर्व सैनिको को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के पश्चात् प्रथम एक माह तक कक्षपालो के कार्य संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात् उन्हें आवश्यकतानुसार केन्द्रीय कारा या मंडल काराओं/उपकाराओं मे पदस्थापित किया जा सकता है। नियुक्ति होने पर इन्हें तत्काल योगदान करना अनिवार्य होगा।

8) संदर्भित अनुबन्ध पर नियुक्ति के पश्चात बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित होने पर यह माना जायेगा कि वे अपने कर्त्तव्य से भाग गए हैं, इसे अनुशासनहीनता के रूप में देखा जायेगा एवं नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

9) अनुबंध पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों पर कारा हस्तक के तहत् कक्षपाल के लिए निर्धारित सेवा शर्तें लागू होंगी।

10) **जो भूतपूर्व सैनिक पूर्व में सैनिक अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी कार्य कर चुके हैं उन्हें उनके इच्छानुसार कारा अस्पताल में सेवा ली जा सकती है साथ ही ड्राईवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य तकनीकी कौशल अथवा योग्यता की जानकारी रखने वाले भूतपूर्व सैनिक को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी।**

11) आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करेंगे :–

- (i) डिस्चार्ज कार्ड
- (ii) पहचान पत्र
- (iii) शैक्षणिक योग्यता
- (iv) जाति प्रमाण पत्र
- (v) स्वपता लिखित लिफाफा (24c.m.x11c.m.) जिसपर ₹45/– का डाक टिकट लगा हो।
- (vi) एक स्वअभिप्रमाणित फोटो कारा में उपलब्ध कराये गये Form मे चिपकायेंगे
- (vii) दो स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

12) पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र को व्यक्तिगत रूप से Walk in Interview की निर्धारित स्थान एवं तिथि पर हाथो–हाथ प्राप्त किया जायेगा तथा स्वास्थ्य एवं शारीरिक जॉच परीक्षण केन्द्रीय काराधीक्षक तथा कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय द्वारा प्रतिनियुक्त सदस्यो के समक्ष की जायेगी।

13) संबंधित काराधीक्षक तथा कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय द्वारा प्रतिनियुक्त सदस्यो के द्वारा संदर्भित भूतपूर्व सैनिक को उपयुक्त पाये जाने पर तत्काल एकरारनामा पर हस्ताक्षर कराकर औपबंधिक रूप से स्वीकृत करते हुए अनुमोदन हेतु तत्काल महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ झारखण्ड को समर्पित किया जायेगा।

**उक्त जाँच मे सम्मिलित होते समय वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होगे। मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों को किसी तरह का यात्रा भत्ता देय नही होगा।**

14) यह विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र एव घोषणा पत्र www.jharkhand.gov.in वेब साईट पर Home Department के लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है तथा महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ, झारखण्ड के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

07/10/25

महानिरीक्षक,
कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ,
झारखण्ड।

## आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या–02 / जेल / 2025

| स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1– आवेदक का नाम –............................................
(देवनागरी अक्षरों मे साफ–साफ)

(बड़े रोमन अक्षरों मे साफ–साफ)–............................................

2– पिता का नाम – ............................................

3– शैक्षणिक योग्यता–............................................

............................................

4– फोन / मोबाईल सं०–............................................

5– स्थायी पता– ग्राम / मोहल्ला............................................

पोस्ट ऑफिस..............................थाना–..............................

जिला–..................पिन कोड..................राज्य ..................

पत्राचार का पता–ग्राम / मोहल्ला............................................

पोस्ट ऑफिस..............................थाना–..............................

जिला–..................पिन कोड..................राज्य ..................

6– जन्म तिथि– दिन [ | ] माह [ | ] वर्ष [ | | | ]

7– जाति –(सामान्य / पिछड़ा वर्ग / अनु०जाति / अनु०जनजाति)–............................................

8– दिनांक– 01.06.2025 को उम्र– वर्ष [ | ] माह [ | ] दिन [ | ]

9– सेवा निवृत्ति के समय सेना में किस रैंक पर कार्यरत रहे –............................................

10– सेना से सेवानिवृत्ति की तिथि एवं यूनिट जहाँ से सेवा निवृत्त हुए–............................................

............................................

11– जिला सैनिक कार्यालय का नाम एवं पंजीयन संख्या (जहाँ पंजीकृत हैं) ............................................

............................................

12– शारीरिक पहचान के दो चिह्न – 1)............................................

2)............................................

13– यदि कम्प्यूटर योग्यता / जीप चालन की योग्यता (ड्राईविंग लाईसेंस सहित) या अन्य कोई तकनीकी योग्यता या अनुभव जैसे ड्रेसर, लैब टेक्नीसियन, मोटर मेकेनिक आदि हो तो उसका उल्लेख करें।

1)............................................

2)............................................

3)............................................

14– डिस्चार्ज स्लिप के अनुसार आवेदक का चरित्र एवं स्वास्थ्य ............................................

15– संलग्न किये जाने वाले स्वअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्रो की सूची (डिस्चार्ज कार्ड/पहचान पत्र/शैक्षणिक योग्यता/अतिरिक्त योग्यता का प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण–पत्र/दो अतिरिक्त स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो/ टिकट लगा लिफाफा)

1)............................................................ 2)............................................................

3)............................................................ 4)............................................................

5)............................................................ 6)............................................................

7)............................................................ 8)............................................................

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक का पूरा हस्ताक्षर

**घोषणा–पत्र:–**

मैं घोषणा करता हूँ कि उपर दी गई सभी सूचनाएँ एवं संलग्न प्रमाण–पत्र सही है। मिथ्या पाये जाने पर मेरी उम्मीद्वारी एवं संविदा बिना कारण बताये रद्द करने के साथ कानुनी कार्रवाई भी की जा सकती है। यह भी घोषणा करता हूँ कि मैं किसी फौजदारी मुकदमे में आरोप पत्रित/संदिग्ध/दण्डित नहीं हुआ हूँ, एवं मैंने इससे पूर्व झारखण्ड राज्य के किसी कारा में संविदा के आधार पर कक्षपाल के पद पर कार्य नहीं किया है।

दिनांक :–

आवेदक का पूरा हस्ताक्षर